चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड

चर्चा में क्यों?

12 अप्रैल, 2022 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य लोगों को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- समारोह में सम्मानित होने वाली अन्य विभूतियों में पंडवानी लोकशैली की गायिका तीजन बाई, राज्यसभा सांसद सैयद जफर इस्लाम, पूर्व महापौर इंदौर मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, आविष्कारक बनवारी लाल चौकसे, पूर्व लोकसभा सांसद डॉ. भागीरथ प्रसाद, भारतीय शास्त्रीय संगीतज्ञ कलापिनी कोमकली, सेवा धर्म आश्रम उज्जैन के संस्थापक सुधीर भाई गोयल, संचालक दैनिक भास्कर कार्प लिमिटेड गिरीश अग्रवाल, भारतीय सिने अभिनेता पीयूष मिश्रा, उद्यमी मनन दीक्षित, भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री दिव्यंका त्रिपाठी, चेयरमैन दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड दिलीप सूर्यवंशी, ध्रुपद गुरु अभिजीत सुखदाणें, वक्ता एवं लेखक आर्या चावड़ा, चेयरमैन आर.साई. लॉजिस्टिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रोहित सिंह तोमर, प्रदेश की पहली महिला पर्वतारोही मेघा परमार, वरिष्ठ पत्रकार न्यूज एंकर (ए.बी.पी.) विकास भदौरिया, प्रेसीडेंट केंप प्रियंका द्विवेदी, प्रबंध संचालक नर्मदा हेल्थ ग्रुप डॉ. रेणु शर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश जैन, फाउंडर येलो डिजी मयूर सेठी और कार्यपालिक सचिव ज्ञान गंगा ग्रुप रजनीत जैन आदि शामिल हैं।
- चैंपियंस ऑफ चेंज पुरस्कार इंटरैक्टिव फोरम ऑन इंडियन इकॉनमी **(IFIE)** संस्था, भारत सरकार द्वारा देश में चिह्नित कुल 115 आशावादी ज़िलों में गांधीवादी मूल्यों (स्वच्छता), सामुदायिक सेवा और सामाजिक विकास को अपने सकारात्मक प्रयासों से बढ़ावा देने वाले राजनेता, सामाजिक कार्यकर्त्ता, उद्यमियों को दिया जाता रहा है।
- इंटरैक्टिव फोरम ऑन इंडियन इकॉनमी संस्था प्रतिवर्ष भारत में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर चैंपियंस ऑफ चेंज पुरस्कार का आयोजन करता है। इस अवार्ड को आम तौर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल या भारत के एक प्रमुख व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। पुरस्कार विजेताओं का चयन न्यायपूर्ति केजी बालकृष्णन (भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और **NHRC** के पूर्व अध्यक्ष) की अध्यक्षता में शीर्ष संवैधानिक जूरी पैनल द्वारा किया जाता है।
- इंटरैक्टिव फोरम ऑन इंडियन इकॉनमी संस्था भारत सरकार से मान्यता प्राप्त (80**G**, 8**A** के अनुरूप), गैर-लाभकारी कंपनी है, जो महात्मा गांधी के मूल्यों को बढ़ावा दने वाले 115 आकांक्षात्मक ज़िलों सहित ग्रामीण भारत की महिलाओं और बच्चों के विकास और कल्याण के लिये समर्पित है। नंदन झा चैंपियंस ऑफ चेंज पुरस्कार के अध्यक्ष हैं। इसकी स्थापना 2011 में हुई थी।
- चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश पुरस्कार साहस, सामुदायिक सेवा और समावेशी सामाजिक विकास के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिये एक राज्य पुरस्कार है। यह पुरस्कार महिला स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई के दृष्टिकोण से प्रेरणा लेकर शुरू किया गया है। पुरस्कार विजेताओं का चयन न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा (सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश) की अध्यक्षता में संवैधानिक जूरी के सदस्यों द्वारा किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/champions-of-change-award